# योग महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

जागरण संवाददाता, अमरोहा : जेएस हिंदू पीजी कालेज में योग महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत योग मैराथन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कालेज के प्राचार्य डा. वीर वीरेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में योग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 21 जून 2025 तक योगाभ्यास के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्वक आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग एक व्यापक विषय है, जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम भी सम्मिलित हैं।

योग मैराथन के माध्यम से विद्यार्थीगण स्वयं के व्यायाम के साथ-साथ समाज को योग के प्रति प्रेरित करेंगे।




जेएस कालेज में योग मैराथन दौड़ को रवाना करते प्राचार्य वीर विरेंद्र सिंह • जागरण

राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के प्रभारी डा. पीयूष कुमार शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय की ओर से योग मैराथन का आयोजन किया गया है, जिसमें छात्र एवं छात्रा इकाई पृथक पृथक टोलियों में प्रतिभाग कर रहे हैं, इसमें कुल 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया है।

इस मौके पर प्रोफेसर अनिल रायपुरिया, एनएसएस छात्रा इकाई की प्रभारी डा.. सविता, .डा. राज किशोर शुक्ल, मोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

## दूर कराई जाए किसानों के अंश निर्धारण में गड़बड़ी

Galaxy A34 5G

आयोजक कमल वर्मा ने सभा ... रूहानी, नित्या पाठक, आदित्य, ... जैन, आयुषि जसवाल मौजूद रहे।

# शरीर स्वस्थ रखने को प्रतिदिन करें योग

## जेएस कालेज में मैराथन का आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जेएस हिन्दू पीजी कालेज के प्राचार्या प्रो. वीर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि जब तक हमारा शरीर स्वस्थ नहीं होगा हम तरक्की नहीं कर सकते। योग के सहारे हम अपने शरीर को बीमारियों से बचा सकते है।

योग दिवस के मौके पर जेएस हिन्दू पीजी कालेज द्वारा योग मैराथन का आयोजन किया गया। कालेज के प्राचार्या प्रो. वीर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि आज जीवन में योग का विशेष महत्व है। इसी के सहारे हम अपना शरीर स्वस्थ रख सकते है। उन्होंने कहा कि जब तक हम तंदुरूत नहीं होंगे समाज में तरक्की नहीं कर सकते। शरीर व मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिये आज के दौर में योग हम है। हमें प्रतिदिन समय निकालकर योग करना चाहिये। इसके लिये दूसरों को भी प्रेरित करें। रासेयो प्रभारी डा. पीयूष कुमार शर्मा ने बताया कि योग दिवस के मौके पर इस मैराथन का आयोजन कराया गया है। 50 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रो. अनिल रायपुरिया, डा. सविता, डा. राज किशोर शुक्ल, मोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

के संस्था
ने कहा
सबसे तेज
है, आ
डिजीटल
एवं कौ
योजनाओं

# डींगरा पर क्षमतावृद्धि न हुई तो 19 से आंदोलन करें

की सुनवाई की जाएगी। डीएम निधि गुप्ता ने ग्राम प्रधान को उनका पक्ष सुनने के लिए कलक्ट्रेट बुलाया है। पक्ष सुनने के बाद ही कार्रवाई पर निर्णय लिया जाएगा।

## जेएस हिन्दू पीजी कालेज में किया योगाभ्यास

अमरोहा। योग दिवस के मद्देनजर जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज में बुधवार सुबह सामूहिक योगाभ्यास किया गया। बीसीए विभाग ने योग एवं नवाचार विषय पर विशेष योग शिविर आयोजित किया। विभागाध्यक्ष अमित कुमार भटनागर एवं असिस्टेंट प्रोफेसर गौतम अरोड़ा ने कम्प्यूटर पर योग विडियो दिखाकर जानकारी दी। कालेज प्राचार्य प्रो .वीर वीरेंद्र सिंह योग का महत्व बताया।

हैं बेटिया, सोता और सावित्री होती राणी आदि मौजूद रहे।

# योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर




जेएस हिंदू डिग्री कालेज में संगोष्ठी को संबोधित करते प्राचार्य वीर विरेंद्र सिंह • जागरण

जासं, अमरोहाः योग दिवस के उपलक्ष्य में जेएस हिंदू पीजी कालेज 21 मई से 21 जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। रोज की भांति शुक्रवार की सुबह भी महाविद्यालय परिसर में योगाभ्यास कराया गया।

डा. एनपी मौर्य ने विद्यार्थियों को प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया। जिसके बाद योग विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। आज पूरा विश्व इसे अपना रहा है। हमारे शोधार्थियों को योग जैसे गम्भीर विषय का दार्शनिक एवं व्यवहार पक्ष का अध्ययन करना चाहिए।

इस मौके पर डा. उमेश कुमार, मनोज सिंह, डा. ऋतुराज यादव, सचिन पांचाल, योगेन्द्र कुमार, डा. सविता तथा नीरज चौहान आदि ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने भी योग पर अपने विचार रखे।

# जल संचयन के लिए 18 खेत तालाबों का लक्ष्य मिला